मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक :** छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 11 | अंक -16 | मुंबई, सोमवार, दिनांक 08 जनवरी से 14 जनवरी 2024 | पृष्ठ : 08 | कीमत : 3 /- रुपये

## सीनियर डॉक्टर ने रेजिडेंट डॉक्टर से की मारपीट...

### पिटाई करने वाले डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की...




**ठाणे:** नगर निगम के कलवा स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में शुक्रवार को एक वरिष्ठ डॉक्टर द्वारा रेजिडेंट डॉक्टर के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट करने का मामला सामने आया है. समझा जाता है कि विवाद मरीज को भर्ती नहीं करने को लेकर हुआ. इस मामले में रेजिडेंट डॉक्टर ने पिटाई करने वाले डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. इस बीच, नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस घटना की रिपोर्ट मांगी गई है और रिपोर्ट आने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी.

कुछ दिन पहले कलवा हॉस्पिटल में एक छोटी बच्ची इलाज के लिए आई थी. उसे इलाज के लिए सायन अस्पताल भेजा गया. इसे लेकर अस्पताल प्रशासन की आलोचना हुई थी. गुरुवार को एक 6-7 साल की बच्ची इलाज के लिए अस्पताल आई थी, वहीं ये मामला ताजा था.

रेजिडेंट डॉक्टर ने उसके रिश्तेदारों को उसे सायन अस्पताल ले जाने की सलाह दी जहां उसे पीटा गया। उसके परिजनों ने जन प्रतिनिधि के माध्यम से वरिष्ठ डॉक्टर से संपर्क किया और उसके बाद वरिष्ठ डॉक्टर ने रेजिडेंट डॉक्टर को अस्पताल में उसका इलाज करने का निर्देश दिया. इसके चलते शुक्रवार को डॉ. नगर निगम सूत्रों ने बताया कि बरनवाल और रेजिडेंट डॉक्टर के बीच बहस हुई थी।

# पिछले साल ट्रेन दुर्घटना में 224 लोगों की मौत !

## मीरा रोड और वैतरणा स्टेशन के बीच 157 लोग घायल हुए

**वसईः मीरारोड और वैतरणा स्टेशन के बीच लगातार ट्रेन हादसे की घटनाएं हो रही हैं. पिछले साल इस रेलवे लाइन पर हादसों में 224 लोगों की मौत हो चुकी है. 157 लोग घायल हुए हैं. मीरारोड से वैत्राणा तक 31 किमी रेलवे पुलिस स्टेशन की सीमा है। इसमें सात स्टेशन हैं। पिछले कुछ वर्षों में इन सभी स्टेशनों से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि हुई है।**




खासकर विरार, नालासोपारा, वसई, नायगांव स्टेशनों से मुंबई की ओर आने-जाने वाले यात्रियों की संख्या अधिक रहती है। यात्रियों की बढ़ती भीड़ के कारण कुछ यात्री लोकल में लटक कर यात्रा करते हैं. इसलिए गिरने की दर भी अधिक है. कुछ यात्री जल्दी ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे ट्रैक के पार यात्रा करते हैं।ऐसे समय में लोकल और फरार्टा भरती एक्सप्रेस की टक्कर से हादसे हो रहे हैं. 2023 में ट्रेन हादसों में 224 लोगों की मौत हो चुकी है. इन मौतों में 50 प्राकृतिक मौतें थीं, 123 यात्रियों की मौत टक्कर के कारण हुई। ट्रेन से गिरकर 45 यात्रियों की मौत हो चुकी है. 5 लोगों ने आत्महत्या कर ली है. वसई रेलवे पुलिस ने जानकारी दी है कि ट्रेन हादसे में 157 यात्री घायल हुए हैं.

## राजमार्गों पर लगाए गए विशेष कैमरों के कारण एक साल में वसई, ठाणे, मुंबई में 90 अपराध सुलझे

**वसई :** फरार आरोपियों पर नजर रखने के लिए राजमार्गों पर लगाए गए विशेष कैमरों के कारण एक वर्ष में 90 से अधिक अपराधों का पता चला है। इसके चलते ऐसे अत्याधुनिक कैमरों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। फिलहाल शहर में 5 हजार से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं. मुंबई अहमदाबाद राजमार्ग गुजरात को जोड़ने वाला एक राजमार्ग है। इस मार्ग से वसई विरार, ठाणे और मुंबई से लेकर गुजरात और अन्य राज्यों तक पहुंचा जा सकता है। तो अपराधी भी उसी रास्ते पर चलते हैं. इसलिए, 2023 में, पुलिस ने उनका पता लगाने के लिए यहां शिरसाद पुल पर वाहन नंबर रिकॉर्ड करने वाले अत्याधुनिक कैमरे लगाए थे। ये कैमरे ठाणे जिला केंद्रीय सहकारी बैंक की मदद से लगाए गए थे। वाहन की गति कितनी भी हो, कैमरे से वाहन का नंबर सटीक रिकार्ड किया जा सकेगा। इसलिए इस जगह को चुना गया.

### आम से खास तक अपने मरीजों की असाधारण सेवा की प्रतिबद्धता को सर्वोपरि देता है पवई स्थित

# डॉक्टर एल एच हीरानंदानी हॉस्पिटल

**राजन शर्मा उप संपादक**

**मुंबईः** मुंबईः मेरे स्वयं के व्यक्तिगत अनुभव के आधार पर मैं शब्दों के माध्यम से यह आर्टिकल आप लोगों के बीच रख रहा हूं। ईश्वर के बाद अगर किसी व्यक्ति को जिंदगी देता है तो वह डॉक्टर ही है। आज तक मैं यही सुनते आ रहा था कि डॉक्टर ईश्वर का दूसरा रूप है, जिसे मैं व्यक्तिगत विगत कुछ महीनों में महसूस भी किया है और बिना हिचकिचाहट के कह सकता हूं कि इस धरती के जीते-जागते हम सभी को प्रत्यक्ष दिखने वाले ईश्वर रूपी डॉक्टरों को भगवान की संज्ञा देना गलत ना होगा। डॉक्टरी पेशे में कई बार ऐसे पल आते हैं जब जीवन की उम्मीद हम जैसे लोग छोड़ देते हैं उस वक्त डॉक्टर मौत को मात देकर हमारी जिंदगी बचा लेते है। यहां पर मैं व्यक्तिगत तौर पर स्वयं महसूस किया है। यहां पर यह कहना गलत ना होगा कि धरती के भगवान हमारे आपके बोलचाल की भाषा में कहे तो डॉक्टर के यही प्रयास लोगों की जिंदगी में नया सवेरा लातें हैं।




वृत्तांत थोड़ा लंबा है मेरे चिकित्सा के अंतिम पड़ाव के अनुभवों को आप पाठकों के साथ साझा कर रहा हूं मेरे ब्रेन ट्यूमर की सफल सर्जरी के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की गाइडलाइन के अनुसार मुझे 6 हफ्ते रेडिएशन एवं कीमोथेरेपी का ट्रीटमेंट लेना अनिवार्य था, जिसे मैंने एल एच हीरानंदानी पवई स्थित अस्पताल में आदरणीय श्री डॉक्टर आदेश पाटिल सर और उनकी सहकर्मी टीम के नेतृत्व में रेडिएशन का सफल इलाज पूरा किया। इसी एक महीने के दौरान कई आदरणीय डॉक्टरों, अस्पताल स्टाफ, एक-दूसरे के प्रति सम्मान और सहानुभूति रखने वाले मरीजों के साथ की भावनात्मक एवं यादगार स्मृतियां भी बनी जिन्हें शब्दों में बयां करना थोड़ा मुश्किल होगा।

डॉक्टर आदेश पाटिल आपकी सरल लेकिन गहन बातचीत और मेरी भलाई के लिए वास्तविक चिंता ने मुझे एल एच हीरानंदानी पवई अस्पताल में चिकित्सकीय रूप से प्रभावी बनाने में बल्कि भावनात्मक रूप से आश्वस्त करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पिछले एक महीने के ट्रीटमेंट के दौरान में व्यक्तिगत रूप से यहां कह सकता हूं कि अपने मरीजों की देखभाल के प्रति आपकी और आपकी टीम की प्रतिबद्धता एक प्रेरणा के रूप में कार्य करती है, एक उच्च कोटि के मानक स्थापित करती है।

एल एच हीरानंदानी पवई अस्पताल की पूरी मेडिकल टीम, सिस्टर, ब्रदर और सहयोगी स्टाफ के समन्वय और सहयोगात्मक प्रयासों ने व्यावसायिकता और उत्कृष्टता को प्रदर्शित किया जो आपके संस्थान को परिभाषित करता है। यह वास्तव में रोगी कल्याण के प्रति सामूहिक समर्पण का एक प्रमाण है। डॉ. आदेश पाटिल मैं आपके सहकर्मियों के उत्कृष्ट समर्थन टीम वर्क ने मेरे सकारात्मक अनुभव में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पिछले एक महीने के दौरान आपके रेडिएशन डिपार्मेंट के कर्मचारियों द्वारा बनाए गए सौहार्दपूर्ण वातावरण ने प्रदान की गई चिकित्सा देखभाल की प्रभावशीलता को और बढ़ा दिया। यहां पर यह कहना उचित होगा कि इसी इक्स्प्रेशन को लेकर स्व. डॉ एल एच हीरानंदानी इस इमारत के पीछे की प्रेरणा रही होगी।

# फेरीवालों ने नगर निगम अधिकारियों से की मारपीट !

**भायंदर :** कारोबार करने से रोके जाने से नाराज होकर मीरा रोड के फेरीवालों ने मीरा-भायंदर नगर निगम के अधिकारियों के साथ मारपीट और गाली-गलौज की. इस संबंध में नयानगर थाने में 17 फेरीवालों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. यह घटना गुरुवार रात की है. शांतिनगर क्षेत्र में कुछ दिनों से फेरीवालों को लेकर विवाद चल रहा है।

फेरीवाले द्वारा दुकानदार की पिटाई की घटना के बाद नगर निगम वहां कारोबार कर रहे फेरीवालों पर कार्रवाई कर रहा है. हॉकरों की आजाद हॉकर्स एसोसिएशन और



नगर निगम प्रशासन के बीच विवाद चल रहा है। गुरुवार को भी नगर पालिका की अतिक्रमण निरोधक टीम ने ठेले-खोमचे वालों को वहां कारोबार करने पर रोक लगा दी। इसके बाद भी फेरीवालों ने वहां अपना सामान बेचना शुरू कर दिया. सूचना मिलने के बाद नगर निगम अतिक्रमण नियंत्रण विभाग प्रमुख नरेंद्र चव्हाण, वार्ड अधिकारी स्वप्निल सावंत अन्य कर्मचारियों के साथ वहां कार्रवाई करने पहुंचे.

## फर्जी महिला विधायक द्वारा पिस्टल का लाइसेंस दिलाने के नाम पर लाखों रुपये ठगने की घटना

**अंबरनाथ :** अंबरनाथ में एक फर्जी महिला विधायक द्वारा पिस्टल और लाइसेंस दिलाने के नाम पर साढ़े पांच लाख रुपये ठगने की घटना सामने आई है. इस धोखाधड़ी के मामले में संबंधित महिला को पुलिस ने हिरासत में लिया है। इनका नाम वंदना मिश्रा है और इनके साथियों अभिषेक और फिरोज के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. पुलिस ने कहा कि वंदना मिश्रा और उसके साथियों ने वाहन पर एक स्टिकर लगाकर एक व्यक्ति को धोखा दिया कि वे महाराष्ट्र विधानसभा के विधायक हैं। अंबरनाथ पश्चिम निवासी अनमोल सिंह ने मिश्रा से वाहन लाइसेंस के बारे में पूछा।



**मुंबई. कालबादेवी में श्री सरदार सुरजन सिंह आहूजा जी की 12वीं पुण्यतिथि मनाई गई आहूजा के पुत्र श्री सतिंदरपाल सिंह आहूजा जी ने हर साल की तरह इस साल भी अपने पिता जी को पुष्प अर्पित कर और प्रसाद का आयोजन किया हर वर्ष इसी तरह आहूजा की पुड्यातिथि मनाई जाती है**



**कल्याण. हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर के मुख्य संपादक श्री छोटे लाल शर्मा जी ने आर. जे . बिल्डर्स के मालिक श्री उमेश जाधव जी को सम्मानित किया इस अवसर पर सुनील दुबे जी कैलाश भाई . राम कुमार मिश्रा जी रामगोपाल मिश्रा जी और तमाम लोग उपस्थित थे इस अवसर पर उमेश जाधव जी ने कदम कदम पर हिंदी साप्ताहिक न्यूज पेपर के मालिक और संपादक श्री छोटे लाल शर्मा जी का हृदय से आभार व्यक्त किया.**



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# नया कानून

हिट ऐंड रन दुर्घटनाओं (वाहनों से सड़क पर हादसा कर भाग जाने के मामले) के लिए बने नए कानूनों के कुछ प्रावधानों का पहले ट्रक संचालकों और बाद में कैब चालकों का विरोध बताता है कि सड़क परिवहन उद्योग और देश की पुलिस तथा न्यायिक व्यवस्था दोनों में दिक्कतें हैं। नया कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106 के तहत आता है। संसद ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) को हटाकर उसकी जगह लागू करने के लिए बीएनएस पारित कर दी है। अगर कोई वाहन चालक खराब ढंग से वाहन चलाते हुए या असावधानीवश सड़क पर किसी को घायल कर देता है या उसके कारण किसी की मौत हो जाती है तब नई संहिता की धारा 106 कहती है कि चालक पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट को इसकी सूचना दिए बगैर फरार हो जाता है तो उसे 10 वर्ष की कैद और/अथवा जुमार्ना भुगतना पड़ सकता है। आईपीसी के तहत ऐसे मामलों में केवल दो वर्ष की जेल और/अथवा जुमार्ना था। नया कानून अमेरिका और यूरोपीय संघ में लागू कानून के अनुसार ही है। उदाहरण के लिए अमेरिका में हर राज्य दुर्घटना के बाद फरार होने पर आपराधिक आरोप तय करता है। वहां इसके लिए 1 वर्ष से 15 वर्ष की कैद हो सकती है और 5,000 डॉलर से 20,000 डॉलर जुमार्ना भी चुकाना पड़ सकता है। भारत में आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि यहां कठोर कानूनी दंड की दरकार लंबे समय से थी। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े कहते हैं कि भारत में हिट ऐंड रन के 43,000 से 47,000 मामले दर्ज हैं और करीब 50,000 लोग इन मामलों में शिकार हुए। सड़क दुर्घटनाओ में होने वाली मौतों की दूसरी सबसे बड़ी वजह ऐसे ही मामले हैं, जहां दुर्घटना करने वाले किसी को सूचित किए बगैर घटनास्थल से निकल भागते हैं। चूंकि यह कानून सभी नागरिकों पर लागू होता है तो सवाल उठता है कि ट्रक चालक और कैब चालक इतना विरोध क्यों कर रहे हैं?

इस प्रश्न का उत्तर इस बात से मिलता है कि नए कानून से सबसे अधिक प्रभावित वे ही हो सकते हैं क्योंकि वाणिज्यिक वाहन चलाने वाले अक्सर तेज रफ्तार में या लापरवाही से वाहन चलाते पाए जाते हैं। उनकी नजर में ऐसा करना फायदेमंद है। उदाहरण के लिए यह बात हम सभी जानते हैं कि जो ट्रक चालक माल को समय से पहले तय जगह पर पहुंचा देते हैं उन्हें ट्रांसपोर्टर बहुत उदारता के साथ पुरस्कृत करते हैं और अच्छा बोनस देते हैं। इसी प्रकार कैब चलाने वाले रोज कमाने और खाने वाले होते हैं। वे भी रोज अधिक से अधिक सवारियां ढोने की कोशिश करते हैं। कैब एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म के बढ़ने के साथ यह रुझान भी काफी बढ़ा है।

एक प्रश्न यह भी है कि आखिर क्यों भारत के लोग हिट ऐंड रन जैसे दुर्घटना के मामलों में प्रशासन को सूचना देने का अपना नागरिक दायित्व निभाने में पीछे रहते हैं या ऐसा नहीं करना चाहते। इसकी एक वजह जनता के साथ पुलिस के व्यवहार से जुड़ी हुई भी है। वर्ष 2018 का एक अध्ययन बताता है कि 25 फीसदी से भी कम भारतीय पुलिस पर भरोसा करते हैं। वे डरते हैं कि वे कहीं लंबी मुकदमेबाजी में न फंसना पड़ जाए और एक डर इस बात का भी रहता है कि कानूनी मदद कहीं उनकी जेब पर भारी न पड़ जाए। मगर नए कानून को इस तरह तैयार किया गया है कि यह लोगों को ऐसा करने से रोकने का काम करे। ऐसे में यह दुर्घटनाओं के मामलों की सूचना देने की कम दर को भी बढ़ाने में मददगार साबित हो सकता है। ऐसे मामलों में सजा की कम दर भी एक वास्तविक समस्या को रेखांकित करती है। हिट ऐंड रन मामलों के जिम्मेदार अधिकतर लोग अक्सर सजा से बच निकलते हैं। एनसीआरबी के आंकड़े दिखाते हैं कि केवल 49 फीसदी मामलों में ही दोषियों को सजा होती है। इस मसले को कोई भी कानून हल नहीं कर सकता है चाहे वह कितना भी कठोर क्यों न हो।

# राणा विश्वकर्मा सेवा समिति का बढ़ता कारवा

**मुम्बई.** पिछले दिनों मुंबई में आयोजित राणा विश्वकर्मा सेवा समिति का समस्त झारखंड प्रवासी महासम्मेलन का शानदार आयोजन किया गया। जिसमे मुंबई में झारखंड की रहने वाले हजारों की संख्या में राणा समुदाय के साथ साथ झारखंड प्रवासी भी शामिल हुऐ जैसे की लोगो को ज्ञात हो की राणा विश्वकर्मा सेवा समिति समस्त झारखंडियो की सबसे महत्वपूर्ण संस्था है जिसमे अपने राणा वंशज को तो हर प्रकार की साधन, सुविधा और आपातकालीन परिस्थिति में सहयोग करती है। साथ ही साथ अपने प्रदेश के सभी लोगो को समय असमय मदद करने में कोई कमी नहीं रखती पिछले दिनों आयोजित शानदार कार्यक्रम में झारखंड के प्रवासियों द्वारा संचालित लगभग 30 संस्थाओं को सम्मानित किया गया और विश्वकर्मा समाज की लगभग 50 समाजसेवक और कार्यकताओं को समनित किया गया। संस्था के अध्यक्ष श्री रामजीवन राणा एवं सचिव श्री कामदेव राणा जी ने सभी को सम्मान प्रतीक और अंग वस्त्र के साथ साथ पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किए। संस्था के उपसचिव श्री रामस्वरूप राणा, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष श्री सुरेश राणा, प्रदेश सचिव श्री गणेश एवं मुख्य सलाहकार श्री महेंद्र युगल राणा जी तथा संस्था के सभी पदाधिकारियों ने अपना शानदार योगदान दिया। और संजय शर्मा जी ने आए हुए लोगो और सम्मानित अतिथियों और पत्रकारो का अमूल्य योगदान का आभार प्रकट किया




भविष्य में राणा विश्वकर्मा सेवा समिति द्वारा और भी अनेकों कार्य और शानदार उपलब्धि बताई जाएगी।

# कालबादेवी में जर्जर होती इमारते लोग परेशान

**मुंबईः** बॉम्बे हाई कोर्ट ने कालबादेवी स्थित कल्याण भवन इमारत के टेनेंट की ओर से दायर याचिका को अस्वीकार कर दिया है। याचिका में म्हाडा की ओर से जारी को चुनौती दी गई थी। नोटिस में म्हाडा ने साफ किया था कि उसने इमारत की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए नोटिस जारी किया है। म्हाडा ने स्पष्ट किया था कि वह इमारत के ढांचे की सुरक्षा को लेकर वहां खंभे (टेकू) लगाएगी, क्योंकि इमारत की स्थिति ठीक नहीं है।




म्हाडा के नोटिस के खिलाफ जगदीश मूलचंदानी सहित 20 लोगों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में दावा किया गया था कि यह इमारत मरम्मत योग्य है। हालांकि इमारत के लैंडलॉर्ड की इसके विपरीत राय थी। ढांचे को लेकर मतभिन्नता को देखते हुए इस मामले को म्हाडा ने बीएमसी की टैक कमिटी के पास भेजा है। कमिटी की रिपोर्ट आनी बाकी है। याचिकाकताओं ने याचिका में कहा था कि वे इस मामले में म्हाडा को पूरा सहयोग देने को तैयार है। जस्टिस कमल खाता और जस्टिस जितेंद्र जैन की बेंच ने सभी पक्षों को सुनने के बाद कहा कि म्हाडा इमारत को सुरक्षित करने के लिए पुलिस की मदद से जरूरी कदम उठाने के लिए स्वतंत्र है। बेंच ने टैंनेट को इमारत में खुद के जोखिम पर रहने की इजाजत दी है। यदि इमारत में कुछ अप्रिय होता है तो इसके लिए इमारत मालिक अथवा म्हाडा जिम्मेदार नहीं होंगे।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
**शंकर शर्मा (शिवा)**
मीडिया प्रभारी, उत्तर प्रदेश।
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# स्व.आर.आर.सिंह जयंती पर मुलुंड में समारोह



**मुंबई** - मुंबई के प्रथम उत्तर भारतीय महापौर एवम मुंबई कांग्रेस के पुर्व कार्यकारी अध्यक्ष मुलुंड के सुनियोजित विकास केसुत्रधार स्व.आर. आर.सिंह जी की 86 वी जयंती पर भक्ती संगीत मय समारोह बुद्धवार दिनांक 10.1.2024 को सायं 5 बजे से मुलुंड हाई स्कूल हाल, चांदन बाग रोड,पांच रास्ता के पास,मुलुंड प.पर आयोजित किया गया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रमेश दूबे (पुर्व सांसद), कृपाशंकर सिंह (पुर्व मंत्री) चंद्रकांत त्रिपाठी (पुर्व मंत्री) राजेश शर्मा (पुर्व उपमहापौर) रामबक्स सिंह (समाज सेवक) उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर दिव्यांग जनों को तिपहिया सायकिल प्रदान किए जायेंगे। यह आयोजनआर. आर.आर. एज्युकेशनल ट्रस्ट एवम मुलुंड सिटीजन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया गया है। बी.के. तिवारी,डॉ.आर.आर.सिंह, डॉ.बाबुलाल सिंह,स्नेहा कैटरर्स ने सभी को अपने प्रिय नेता के स्मरण हेतु सादर आमंत्रित किया हैं।



सेन महाराज मंदिर, नासिक में सुरेश जी सिसोदिया कि काकीजी के बारहवीं विधि कार्यक्रम में समाज भूषण, भजन सम्राट, वनी निवासी आदरणीय भवरीलाल जी भाटी, सुरेश जी सिसोदिया, राजेन्द्र जी टोकसिया,, मखाना जी byayji, सुरेश जी pidiyar, बंडूजी tak अशोक पवार आदी मान्यवर।।




जन्मदिन की बहुत बहुत बधाई
एवं हार्दिक शुभकामनाएं

# एम डब्ल्यू ओ तहसील एवं ब्लॉक कमेटी का तिलोई का हुआ गठन; ऋषि वर्मा दोबारा बने तिलोई ब्लॉक अध्यक्ष

**कदम कदम पर संवाददाता**

**तिलोई** – रजनपुर रामसेवक शर्मा के आवास पर महापदमनंद वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन (एम. डब्ल्यू. ओ) संगठन की एक बैठक कर कमेटी का गठन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक हम सभी लोग एक प्लेटफार्म पर आकर संघर्ष नहीं करेंगे तब तक हमारे समाज को उसका हक -अधिकार, मान - सम्मान व भागीदारी मिलना सुनिश्चित नहीं हो पाएगा, आज के परिवेश में संगठन की ताकत ही सबसे बड़ी ताकत है।

प्रांतीय महासचिव शिवदयाल शर्मा ने एक शेर के माध्यम से लोगों को संगठन की ताकत को बताते हुए कहा कि, यही जज्बा रहा तो मुश्किलों से हल भी निकलेगा, जमीं बंजर रही तो क्या यही से जल भी निकलेगा। ना हो मायूस ना घबरा अंधेरों से मेरे साथी, इन्हीं रातों के दामन से सुनहरा कल भी निकलेगा।

संगठन के जिला अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 25 जनवरी को जिला मुख्यालय अमेठी (गौरीगंज) के रणंजय ग्राउंड पर महान कर्मयोगी, प्रखर समाजसेवी एवं विहार के पूर्व मुख्यमंत्री, जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के जयंती शताब्दी वर्ष समारोह को भव्य तरीके से मनाया जा रहा है, इस कार्यक्रम में प्रदेश के लगभग 10 जनपद के लोग पहुंच रहे हैं ऐसे में अमेठी जनपद के सभी ब्लॉक कमेटियों के लोगों का दायित्व बनता है की भारी संख्या में समय से पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं कमेटी गठन में बजरंग उर्फ राजू को तहसील अध्यक्ष, ऋषि वर्मा को ब्लॉक अध्यक्ष, संदीप कुमार वर्मा उपाध्यक्ष,आशीष वर्मा सचिव, शिव प्रसाद वर्मा महासचिव, सर्वेश कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष, रमेश कुमार वर्मा मीडिया प्रभारी, रविचंद्र शर्मा संरक्षक चुने गए।

कार्यक्रम मे दिनेश शर्मा, शिवकुमार शमार्ने संबोधित किया।




कार्यक्रम मे डाक्टर राजेश शर्मा, सर्वेंद्र शर्मा, सूरज शर्मा, अनुराग शर्मा,अजय शर्मा, अशोक शर्मा, रामचंद्र शर्मा, देवी प्रसाद शर्मा, जनार्दन शर्मा, गोपाल शर्मा, सुनील शर्मा, कृष्णकांत शर्मा आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



चुनार तहसील में नव युवक अधिवक्ता समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष महेन्द्र सिंह को शपथ दिलाते विधायक अनुराग सिंह ।

## ठाणे में अपार्टमेंट में बुजुर्ग दंपत्ति मृत पाए गए...

**ठाणे** : महाराष्ट्र के ठाणे शहर के एक अपार्टमेंट में एक बुजुर्ग दंपति मृत पाए गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि शमशेर बहादुर सिंह (68) और उनकी पत्नी मीना (65) के शव चितलसर इलाके में उनके फ्लैट में मिले। शव उनके बेटे ने देखे जो बृहस्पतिवार सुबह से फोन कॉल का जवाब नहीं मिलने के बाद फ्लैट में पहुंचा था। उन्होंने बताया कि दंपति की मौत बुधवार और बृहस्पतिवार की दरमियानी रात हुई हैं। अधिकारी के अनुसार, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शवों पर चोट के निशान नहीं है और उन्हें जहर देने का संदेह है। उन्होंने बताया कि सिंह एक सुरक्षाकर्मी का काम करता था और उनकी पत्नी घर से ही एक छोटा व्यवसाय चलाती थी।



डीजीआयपीआर आरओसी - २०२३-२४ क्र-५/C६४१३

# रजक चेतना का कैलेण्डर विमोचन समारोह संपन्न

दिनांक 5 जनवरी 2024 दिन शुक्रवार रूसी मेहता हाल मुम्बई सेंट्रल मे सम्पन्न हुआ। समारोह में भारी संख्या मे समाज




के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता ए बी डी एम के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार कनौजिया ने किया मुख्य अतिथि के रूप मे सूरत से सी जी एस टी अधीक्षक पंकज कुमार, रजक महासंघ के अध्यक्ष राम मिलन कनौजिया, सूरत के स्टेशन अधीक्षक राम दास कनौजिया, रजक महासंघ के महासचिव जितेंद्र कनौजिया ,कोषाध्यक्ष दशरथ कनौजिया,कार्याध्यक्ष मोती लाल कनौजिया, डॉक्टर अमर बहादुर यादव, डॉक्टर श्री नाथ कनौजिया, पुलिस सब इंस्पेक्टर सुनील कनौजिया डॉक्टर




जगन्नाथ कनौजिया,बाके लाल रजक, बिल्डर जीतू गौतम, कदम कदम के संपादक छोटेलाल शर्मा सूरत के टायर्स व्यवसायी फिरतू कनौजिया,श्रीमती ऊषा कनौजिया,श्रीमती मंगीता माखन, राज कुमार कनौजिया, बलदेव वर्मा, श्रीमती नंदा विनोद कनौजिया, कैप्टन कुणाल (ओ एन जी सी) के वाय एस एफ के पूर्व अध्यक्ष विजय धोबी, संतोष निर्मल, राजू कनौजिया, अरविंद निर्मल( डी ओ)सुनील कनौजिया (डी ओ) डॉक्टर राजेश कनौजिया (चीफ बिजनेस आफीसर शेयरखान) के अतिरिक्त मुम्बई के आस पास की संस्थाओं के भारी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

रजक महासंघ के जिलाध्यक्ष राम दीन निर्मल, एडवोकेट पन्ना लाल चौधरी ,छेदी लाल कनौजिया,रंजीत कनौजिया ,सूरत से भी काफी संख्या मे समाज के लोगों ने भाग लिया। आये हुए सभी अतिथियों का रजक चेतना के संपादक जगदीश कनौजिया, उप संपादक सिकंदर एच कनौजिया,सह संपादक सुभाष रजक, सह संपादक डॉक्टर सतीश कनौजिया,सह संपादक राजेश कनौजिया , सर्व वरिष्ठ संवाद दाता एडवोकेट विनोद कनौजिया,सुखमी रजक, विनोद लालमनि कनौजिया,योगेश कनौजिया, गुडडू कनौजिया,राम बली कनौजिया, संजय धोबी, अरविंद कनौजिया, फागूराज कनौजिया,दिनेश कनौजिया,आदि ने स्मृति चिन्ह साल और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मंच का सूत्र संचालन पूर्व हिंदी अधिकारी अवध विहारी निर्मल ने किया ।

# कानून व्यवस्था में जनता की सहभागिता अहम -नरेन्द्र कुमार सिंह कोतवाल चुनार

## कोतवाली क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था के लिए कोतवाल चुनार को युवा व्यापार मंडल ने किया सम्मानित



**चुनार कोतवाल नरेन्द्र कुमार सिंह को सम्मानित करते युवा व्यापार मंडल के पदाधिकारी।**

**(शिवा शर्मा)**

चुनार। कोतवाली क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था, मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले लोगों पर शिकंजा कसने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए युवा व्यापार मंडल के सदस्यों ने रविवार को कोतवाली पहुंचकर कोतवाल नरेन्द्र कुमार सिंह को सम्मानित किया।व्यापार मंडल के सरंक्षक बचाऊ लाल सेठ ने उन्हें लकड़ी का चरखा देकर उन्हें सम्मानित किया और सदस्यों ने माल्यार्पण कर कोतवाल का स्वागत किया।व्यापार मंडल के सदस्यों ने कोतवाल से ऐसे ही अपराधियों पर अंकुश लगाकर क्षेत्र में अमन चैन कायम रखने की उम्मीद जताई। वहीं कोतवाल ने व्यापार मंडल का आभार जताते हुए कहा कि अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस के साथ जनता का सहयोग भी जरूरी है।उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी होने पर निर्भीक होकर तत्काल पुलिस को अवगत कराएं। इस दौरान व्यापार मंडल के सरंक्षक बचाऊ लाल सेठ, अध्यक्ष अनिल गुप्ता, उपाध्यक्ष गौतम बाबू जायसवाल, किशन मोदनवाल, अभिलाष राय, शिवपूजन गुप्ता, महेन्द्र आदि प्रमुख मौजूद रहे।

# चरणाटधाम में आयोजित प्राकट्य महोत्सव का हुआ समापन

## दिल्ली, मुंबई, गुजरात सहित विभिन्न जनपदों के वैष्णवजन प्राकट्य महोत्सव में हुए शामिल

## चिकित्सकीय शिविर के साथ हुआ चार दिवसीय महोत्सव का समापन

**(शिवा शर्मा)**

चुनार ।उसमानपुर स्थित चरणाट धाम पर चल रहे चार दिवसीय प्राकट्य



**चुनार स्थित चरणाटधाम में प्राकट्य महोत्सव समापन अवसर पर आयोजित चिकित्सकीय शिविर में मौजूद षष्ठपीठ युवराज गोस्वामी प्रियेंन्दु बाबा व अन्य वैष्णवजन.**

महोत्सव का समापन रविवार को नेत्र एवं दंत चिकित्सा परीक्षण शिविर के आयोजन के साथ हुआ। शिविर का शुभारंभ षष्ठपीठाधीश्वर गोस्वामी 108 श्री श्याम मनोहर महाराज श्री, षष्ठपीठ युवराज गोस्वामी प्रियेंन्दु बाबा ने किया। महाराज श्री ने कहा कि आज के आधुनिक परिवेश कम्प्यूटर, मोबाइल के युग में हर व्यक्ति को समय समय पर अपने नेत्र का परीक्षण कराते रहना चाहिए। साथ ही भोजन प्रणाली दुरूस्त रखने व शरीर को स्वस्थ रखने के लिए दांत का सही होना आवश्यक है। शिविर में 223 महिला पुरूष बच्चों का नेत्र व 97 का दंत परीक्षण डॉआर0के0ओझा, पूजा अग्रवाल व उनकी टीम द्वारा किया गया।इस दौरान अतुल शाह, अनिल अग्रवाल, रामेश्वर दास अग्रवाल, दीप कुमार अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, शशांक अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल आदि सेवाभाव से लगे रहे।

# नंदिनी शर्मा और प्रग्येश कुमार सिंह का हुआ भारतीय टीम में चयन रवींद्र पल सिंह बने भारतीय टीम के कोच



सऊदी अरेबिया के रियाद शहर में 21 जनवरी से 25 जनवरी तक आयोजित होने वाली एशियन डोजबॉल चैम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के रवींद्र पाल सिंह को भारतीय टीम का कोच नियुक्त किया गया। और वाराणसी जिले की नंदिनी शर्मा और मिजार्पुर के प्रग्येश कुमार सिंह का भारतीय टीम में खिलाड़ी के रूप में हुआ चयन यह सूचना भारतीय डॉजबाल महासंघ ने उत्तर प्रदेश डॉजबॉल संघ के महासचिव रवींद्र मिश्र को दी जिससे उत्तर प्रदेश डॉजबॉल संघ और उत्तर प्रदेश के समस्त खिलाड़ियों में हरसोल्लास और खुशी की लहर है ।उपर्युक्त खिलाड़ी 15 जनवरी को महाराष्ट्र के लिए रवाना होंगे ।आज दिनाँक 7 जनवरी को

उत्तर प्रदेश के महाचिव के निज निवास प्रयागराज में भारतीय टीम में चयनित खिलाड़ियों और कोच को सम्मानित किया गया ।

# एकनाथ गायकवाड़ के जन्मदिन पर शताब्दी अस्पताल में फल वितरण

विगत कई वर्षों की तरह इस साल भी मुंबई कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सांसद स्व.एकनाथ गायकवाड के



जन्मदिन के उपलक्ष्य पर अनुशक्ति नगर विधानसभा कांग्रेस की तरफ से शताब्दी अस्पताल के सैकड़ों मरीजों को फल वितरित किया गया।

मुंबई कांग्रेस के महासचिव तुषार एकनाथ गायकवाड़ ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हम स्व एकनाथ गायकवाड के बताये रास्ते पर चलने की आदत डाल रहे हैं।मुंबई कांग्रेस अध्यक्षा पूर्व मंत्री वर्षा गायकवाड़ उनके अधूरे कामों को पूरा करने की दिशा में दिनरात काम कर रही हैं।

मुंबई कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ दिनेश हेगड़े ने कहा कि स्व एकनाथ गायकवाड़ जैसा सरल और सीधा नेता आज के युग में मिलना बहुत मुश्किल है।

पार्टी के सभी नेता और कार्यकताओं को एक समान रूप से देखना उनकी आदत में सुमार था।उन्होंने अपने किसी भी कार्यकर्ता को कभी नाराज नहीं होने दिया।

इस मौके पर दक्षिण मध्य मुंबई जिला कांग्रेस कमिटी महासचिव शंकर खड़तरे,सुनील येवले ब्लॉक अध्यक्ष हरिश्चंद्र विचारे,सचिन खड़तरे पूर्व नगर सेविका उषा कम्बले,पूर्व नगर सेवक देवीदास बोरसे ब्लॉक अध्यक्ष कुमार मेनन,जुबेर अली,प्रशान्त काम्बले,मुजीब खान,मो रसीद शेख,श्रवण कुमार दुबे आदि उपस्थित थे। फल वितरण से पहले तुषार गायकवाड ने छत्रपति शिवाजी महाराज और डॉ दिनेश हेगड़े ने डॉ बाबा साहब अम्बेडकर के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किया।

कार्यक्रम के समापन पर सचिन खड़तरे ने सभी के प्रति दिल से आभार व्यक्त किया।

**फोटो : कपिलदेव**

# साने गुरुजी जीवन गौरव पुरस्कार से सम्मानित हुए डॉ.अमर यादव

**मुंबई।** मुलुंड स्थित महाकवि कालीदास नाट्य मंदिर में माध्यमिक शिक्षक संघ व पतसंस्था सहकार मित्र सुरेश डावरे अमृत महोत्सव में डॉ अमर बहादुर दिलीप कुमार यादव को साने गुरुजी जीवन गौरव सम्मान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अरुण गुजराथी , शिक्षण संचालक महाराष्ट्र पुणे डॉ.महेश पालकर एवं संघ के अध्यक्ष सुरेश डावरे ने प्रदान किया ।इसी समारोह में सुप्रसिद्ध शिक्षक नेता आप्पा बागल के साथ ही शिक्षक मिलिंद चिन्नी भी साने गुरुजी जीवन गौरव पुरस्कार से सम्मानित हुए। डॉ अमर यादव को यह पुरस्कार दिए जाने पर शिक्षाविद् चंद्रवीर बंशीधर यादव एवं सुभाष रजक जैसे अनेकों प्रबुद्ध जनों ने डॉ यादव को बधाई दी है।



# गोंदेश्वर महादेव मंदिर







गोंदेश्वर महादेव दक्कन स्थित नागर शैली के मंदिरका पूर्ण संरक्षित और सबसे अच्छा उदाहरण है। यह मंदिर अंदाजन १२ वीं सदी ई. की शुरूआत में बनाया गया था। यह पंचायतन मंदिर (चार कोनो में स्थित छोटे मंदिरो के केंद्र में स्थापित मुख्य मंदिर) का अनुठा उदाहरण है । पाँच मंदिरों का यह समूह एक मंच (३८ .२८ मीटर) पर खडा में जहां केंद्र में स्थित प्रधान मंदिर शिव और अन्य चार छोटे मंदिर विष्णु, गणपती, सूर्य और पार्वती आदि देवी देवताओं के लिए समर्पित है। संपूर्ण परिसर चारों तरफ से दीवार से घिरा हुआ है जिसमें दक्षिण और पूर्व दिशा में द्वारकी योजना है। मुख्य मंदिर मे गर्भगृह, अंतराल, महामंडप तथा उत्तर, दक्षिण और पूर्वी की और तीन अर्थमंडप प्रदान किये है। पूर्व दिशा अलग स्थित मंडप में एक बैठा हुआ नंदी है । मुख्य मंदिर का वक्ररेखिय शिखर अनेक ह्यासमान लघु अंग-शिखरों से बना हुआ है। महामंडप का छत पिरामिडनुमा है ।

बाहरी दीवार पर लगी हुई मूर्तियाँ रामायण के दृश्य तथा देवी, देवता और नृत्यमग्न अप्सराओं से सुशोभीत है। मुख्य मंदिर की दीवारों पर ब्राह्मी, पार्वती, शिव, भैरव की मूर्तियां प्रमुख है। नंदी मंडप पर वराह और नरसिंह की प्रतिमाएं उल्लेखनीय है। उत्तर दिशा मे गर्भगृह से निकलनेवाला पानी एक अलंकृत मकरमुख के माध्यम से बाहर गुजरता है ।गोंदेश्वर महादेव मंदिर की असली सुंदरता अपने सममित रुप और भव्यता के पैमाने में निहति है।

## जननायक कर्पूरी ठाकुर जन्म शताब्दी वर्ष समारोह को लेकर बैठक संपन्न



भारतीय नई कल्याण क्या सेवा समिति रजि.संस्था द्वारा दिनांक 4 जनवरी 24 को एक खुली बैठक संस्था कार्यालय समसपुर, खपरहा में प्रधान महासचिव मनोज कुमार शर्मा के द्वारा बुलाई गई।जिसमे संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा ने बैठक में आए हुए सभी पदाधिकारीयो का स्वागत करते हुए संबोधित किया कि यह खुली बैठक जननायक कर्पूरी ठाकुर जन्म शताब्दी वर्ष मनाने को लेकर बुलाई गई है जिसमें मुख्य रूप से किस तरह से तैयारी होनी चाहिए सभी पदाधिकारीयो से राय मांगते हुए संस्था अध्यक्ष ने खाता संचालित,बैनर पोस्टर छपवाने,आने वाले अतिथियों को नाश्ते से लेकर लाउडस्पीकर,मंच तमाम बातें बताई,संस्था संरक्षक श्री प्रकाश शर्मा ने अध्यक्ष के बातों का समर्थन करते हुए और कई मार्गदर्शन संस्था को दिए जिसमें संस्था संरक्षक पंचम राम शर्मा, प्रधान महासचिव मनोज कुमार शर्मा,कोषाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा,सैलून संघ अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा, संस्था उपाध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा,रविंद्र कुमार शर्मा,मंडल अध्यक्ष अवधेश शर्मा, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा,ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष राकेश शर्मा पप्पू, तमाम पदाधिकारीयो ने अपनी अपनी राय प्रस्तुत किए यहां पर संस्था संरक्षक डॉ राजेंद्र शर्मा,रामचंद्र शर्मा,नरेंद्र कुमार शर्मा, राजेंद्र शर्मा,संतोष शर्मा, पिंटू शर्मा,शिवराम शर्मा, शिव प्रकाश शर्मा,ललित कुमार शर्मा तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।संस्था अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारी से निवेदन किया की कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हम सब बढ़ चढ़कर हिस्सा ले।और कार्य क्रम को सफल बनाएं।

## जन्मदिन के शुभ अवसर पर पहुंचे कई जिले के पदाधिकारी....





दिनांक 6जनवरी24दिन शनिवार को भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संस्था संरक्षक श्री ओंकार नाथ शर्मा (पू॰प्रधानाध्यापक)एवं जीपी इंटर नेशनल स्कूल एंड कॉलेज के प्रबंधक ग्राम जयपालपुर,मुंगरा बादशाहपुर के निजी निवास पर उनके पोते पार्थ के जन्मदिन पर भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति जौनपुर,भदोही, प्रयागराज,प्रतापगढ़, सुल्तानपुर जिले के तमाम पदाधिकारी व सजातीय भाइयों का एक जन सैलाब उनके निवास पर पहुंचा।श्री ओमकार नाथ शर्मा के भाई रविंद्र नाथ शर्मा (प्रधानाचार्य)व पुत्र अतुल कुमार शर्मा (मार्केटिंग इंस्पेक्टर बलिया),आशीष कुमार शर्मा (ग्राम विकास अधिकारी बहराइच) द्वारा आए हुए सभी पदाधिकारी व सजातीय भाइयों को अंग वस्त्र (साल)देकर सम्मानित किये।संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा ने दुर दराज से आए हुए सभी पदाधिकारीयो का अभिनंदन करते हुए कहा कि मास्टर साहब का आशीर्वाद व मार्गदर्शन इसी तरह हमारी संस्था को मिलती रहे। संस्था अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारी का परिचय कराते हुए जननायक कर्पूरी ठाकुर जयंती समारोह मानने को लेकर चर्चा भी की जिसमें रामदयाल शर्मा, भदोही जिला अध्यक्ष कैलाश नाथ शर्मा, संगठन मंत्री राजेश शर्मा, संदीप कुमार शर्मा एडवोकेट,डीके शर्मा एडवोकेट प्रयागराज, अनुज कुमार सेन युवा अध्यक्ष प्रयागराज, राजेश शर्मा छात्र संघ नेता प्रयागराज,राकेश शर्मा एडवोकेट सुल्तानपुर,अमित कुमार शर्मा (अध्यापक), अवधेश शर्मा मंडल अध्यक्ष,मुन्नालाल शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष,पंचम राम शर्मा संरक्षक,डा. राजेंद्र प्रसाद शर्मा संरक्षक ,मनोज कुमार शर्मा प्रधान महासचिव, अशोक कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष, सुजानगंज ब्लाक अध्यक्ष मुकेश शर्मा,उपाध्यक्ष राकेश शर्मा,तहसील अध्यक्ष ललित शर्मा,पिंटू शर्मा,शिवराम शर्मा, डा.बीके शर्मा,एमसीए जिला अध्यक्ष सुरेंद्र नाथ शर्मा तमाम लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया।संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा सभी पदाधिकारीयो से आह्वान किया कि जननायक कर्पूरी ठाकुर जयंती समारोह जन्म शताब्दी वर्ष दिनांक 24 जनवरी 2024 को संस्था कार्यालय ग्राम समसपुर,खपरहा, सिकरारा,जौनपुर में धूमधाम से मनाया जाएगा।जिसमें आप सब बढ़-चढ़कर हिस्सा ले और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

**धन्यवाद**
**मुन्ना लाल शर्मा**
**संस्था वरिष्ठ उपाध्यक्ष**




चंद्र भूषण शर्मा को गौरव सम्मान मिला बहुत बहुत धन्यवाद संयुक्त उत्तर भारतीय समाज NGO अध्यक्ष महोदय राजेश दुबे जी।। आपने जो गौरव सम्मान दिया है उसके लिए आपका और आपके NGO का अभार प्रकट करता हूं। ईश्वर से कामना करते हैं कि इसी तरह समाज में आपका प्यार हमरे उपर बना रहे। कार्यक्रम बहुत ही सुन्दर और आकर्षक रहा। पुनः एक बार नए वर्ष के साथ साथ आप को आपके NGO को ढेर सारी शुभकामनाएं।

## सुरेंद्र शर्मा अध्यक्ष जौनपुर के जन्म दिन पर अनिल शर्मा मुंबई ने दी शुभकामनाए

मुंबई,सुरेन्द्र शर्मा नन्द वंशी आल इंडिया एम सी ई ए जिला अध्यक्ष जौनपुर के जन्म दिन पर अनिल



शर्मा मुंबई ने दी शुभकामनाएं और कहा सुरेंद्र शर्मा समाज को जगाने का काम करते है ऐसे समाज सेवियों का समाज में अपना एक महत्व है इस लिए सुरेंद्र शर्मा युवाओं के दिलो पर राज करते है गांव में रह रहे समाज के तमाम लोगो को दिन रात मेहनत कर समाज को जोड़ने का काम कर रहे सुरेंद्र शर्मा को जिला इकाई के साथ साथ तमाम संगठन के लोगो ने सुरेंद्र शर्मा के जन्म दिन पर दी शुभकामनाएं।


॥ शिक्षित बनो ॥ ॥ संगठित रहो ॥ ॥ संघर्ष करो ॥

नाई समाज जिन्दाबाद- जिन्दाबाद



**भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति (रजि.)**

जन्म तिथि- 24-01-1924



मृत्यु तिथि- 17-02-1988

जननायक कर्पूरी ठाकुर अमर रहे।

**जननायक कर्पूरी ठाकुर जी जन्म शताब्दी वर्ष (सौवाँ) जयन्ती समारोह**

प्रिय साथियों,

''जननायक श्री कर्पूरी ठाकुर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता के प्रतीक भारतीय सामाजिक, राजनैतिक परिदृश्य में समाजवाद के जीवन्त प्रणेता, महान स्वतंत्रता संग्रामी, सफल राजनेता, आदर्श शिक्षक , सांसद (लोक सभा सदस्य) शिक्षा मंत्री, नेता प्रतिपक्ष, उपमुख्य मंत्री मुख्यमंत्री (विहार सरकार), सामाजिक, राजनैतिक रुप से वंचित, शोषित, श्रमजीवी, अति पिछड़े और पिछड़े वर्ग के मसीहा और सबसे महत्वपूर्ण जन-जन के नायक ''जननायक'' श्री कर्पूरी ठाकुर जी भारतीय राजनैतिक, सामाजिक जीवन में एक ऐसा ''अखण्ड'' दीप प्रज्जवलित कर गये, जो युगो-युगो तक मानव जीवन के ''संघर्ष'' का प्रेरणा स्रोत रहेगा। ''नंन्द वंश'' ''श्री कर्पूरी ठाकुर'' और भारत वर्ष के सामाजिक न्याय दीप पर सदैव गौरवान्वित रहेगा। श्री कर्पूरी जी का जन्म शताब्दी वर्ष समारोह भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. के तत्वधान में मनाया जा रहा हैं।

कृपया अपने सपरिवार, इष्ट मित्रों सहित पधार कर श्री जननायक कर्पूरी ठाकुर जन्म शताब्दी वर्ष समारोह में आप सभी की गरिमा मयी उपस्थिति के लिए हम सब आप सभी से विनम्र आग्रह करते है।

अधिकार चाहो तो लड़ना सीखो। पग-पग पर अड़ना सीखो॥ जीना है तो मरना सीखो॥

**कार्यक्रम**

24 जनवरी 2024 दिन- बुधवार

प्रतिभा सम्मान समारोह- 10 बजे से 11 बजे तक

जननायक कर्पूरी ठाकुर जयन्ती समारोह- 11 बजे से 3 बजे तक

मुख्यअतिथि-
- **श्रीमती श्रीकला धनन्जय सिंह** (जिला पंचायत अध्यक्ष)
- मा0 **श्री धनन्जय सिंह** (पूर्व सांसद जौनपुर)
- मा0 **श्री बृजेश सिंह ''प्रिन्शू''** (विधान परिषद सदस्य)

विशिष्टअतिथि-
- मा0 **श्री संजय सिंह** (ब्लाक प्रमुख सिकरारा)
- मा0 **श्री धीरु सिंह** (ब्लाक प्रमुख सिकरारा संरक्षक)

कार्यक्रम स्थल- संस्था अध्यक्ष दिनेशचन्द्र शर्मा के निजी आवास पर ग्राम- समसपुर (भुवाकला), खपरहाँ, सिकरारा, जौनपुर

निवेदक- भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति (रजिस्टर्ड)





## दुखद समाचार

**सविता समाज संस्थापक स्व. महेश प्रसादजी की पत्नी एवम कमलेश पांडवा की माता जी का देहांत दिनांक 02/01/2024 को भायखला हॉस्पीटल में हो गया है।**

**K. M. Pandva**
**RB/III/B-15, BERKELEY PALACE, C.R.COLONY, SIR J.J.ROAD, BYCULLA, MUMBAI 8**

**Program further is as under.**
**5th jan- condolence meet at residence from 6.00 pm.**
**6th jan- asthi visarjan at nasik .**
**11 jan- tenth day ceremony at dharm shaala near chandan wadi shamshan bhoomi**
**14 jan- Terahvi**

# अशोक शर्मा को सम्मान चिन्ह देकर किए सम्मानित



**मुंबई ,** अशोक शर्मा समाज सेवक ठाणे को कदम कदम पर के संपादक छोटेलाल शर्मा , प्रबंध संपादक अनिल शर्मा ने सम्मान चिन्ह देकर किए सम्मानित अशोक शर्मा ने नव वर्ष 2024 की सभी देश वासियों को दी शुभकामनाए और 2024 कदम कदम पर समाचार पत्र द्वारा आयोजित कैलेंडर विमोचन सफल कार्यक्रम कार्यक्रम दी शुभकामनाएं। कार्यक्रम के आयोजक छोटेलाल शर्मा, अनिल शर्मा को मनोबल बढ़ाने के लिए उज्वल भविष्य की कामनाए। साथ में उपस्थित जेपी शर्मा संरक्षक, हरिशंकर शर्मा उप संपादक, कलेक्टर शर्मा उद्योगपति, नवनीष शर्मा, अनंतलाल शर्मा, आदि लोग उपस्थित थे।

# घनश्याम शर्मा प्रांतीय अध्यक्ष ने अनिल शर्मा को 2024 नव वर्ष की दी शुभकामनाएं

कदम कदम पर साप्ताहिक अखबार के प्रधान संपादक आदरणीय श्री छोटेलाल शर्मा जी जनपद मिजार्पुर एवं संपादक आदरणीय अनिल शर्मा जी जनपद जौनपुर जो मुंबई की धरती पर रहते हुए उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, पंजाब, महाराष्ट्र आदि प्रदेशों के साथ-साथ संपूर्ण भारत के लोगों को एक मंच पर लाकर इस तरह से सम्मान करना यह बहुत बड़ी बात है। जहां तक मैं देख पा रहा हूं कि आप लोग सामाजिक सरोकारों से हमेशा जुड़े रहते हैं। उत्तर




प्रदेश से लेकर अन्य कई प्रदेशों में आप लोग सामाजिकता को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहते हैं इसके लिए मैं घनश्याम शर्मा प्रांतीय अध्यक्ष महापदमनंद वेलफेयर ऑगेर्नाइजेशन MWO उत्तर प्रदेश की संपूर्ण कमेटी की ओर से इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित साथियों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि यह नव वर्ष आपके जीवन में खुशियां ही खुशियां लेकर आए और आप सभी हमेशा स्वस्थ मस्त एवं दीघार्यु हो।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती की तैयारियां हुई तेज



**कदम कदम पर संवाददाता**

**सिंहपुर** - महापदमनंद वेलफेयर ऑगेर्नाइजेशन (एम. डब्ल्यू. ओ) ब्लॉक कमेटी सिंहपुर के द्वारा आयोजित तैयारी बैठक में पहुंचे संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले 25 जनवरी को रणंजय मैदान जामों रोड गौरीगंज में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, महान कर्मयोगी, प्रखर समाजवादी चिंतक एवं विहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती शताब्दी वर्ष के रूप में मनाई जा रही है। इस कार्यक्रम में जनपद के 13ब्लॉकों सहित लगभग 10 जनपद के लोग उपस्थित हो रहे हैं। यह कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है, यह कार्यक्रम अमेठी में एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड दर्ज करें इसलिए सभी लोगों को लगकर भारी संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना होगा।

संगठन के जिला अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा ने सभी ब्लाक कमेटियों के सम्मानित पदाधिकारी से आग्रह किया है कि इस प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित हो रहे लगभग 10 जिले के अतिथियों के सम्मान में हमे तत्पर रहना होगा।

ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णकांत शर्मा ने लोगों को संबोधित हुए करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम मे ब्लॉक सिंहपुर के लोगों को तन मन धन से लगकर कार्यक्रम को 100% सफल करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

सिंहपुर ब्लॉक में कोषाध्यक्ष पद पर रहे संतोष शर्मा निवासी राजा फत्तेपुर को प्रमोट करते हुए जिला कमेटी का कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णकांत शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम में सिंहपुर ब्लॉक कमेटी तन मन धन के साथ मजबूत संख्या के साथ उपस्थिति दर्ज करवाएगी। कार्यक्रम को जिला सचिव दिनेश शर्मा, जिला संगठन मंत्री शिवकुमार शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, संतलाल शर्मा, राम प्रसाद शर्मा, जय नारायण शर्मा, राजू शर्मा आदि ने संबोधित किया।

कार्यक्रम में विजय शंकर, रमेश कुमार, रोहित कुमार, राम अभिलाख, हरीकृष्ण, जगदीश कुमार, दिवांग, रवि, नरेंद्र कुमार, राजकुमार, विशाल कुमार, कुलदीप, राकेश, वीरेंद्र कुमार, चंद्रशेखर, अरुण कुमार, विकास, आकाश, राकेश, अमित कुमार, राममिलन, दयाशंकर, बबलू, प्रमोद कुमार वर्मा पत्रकार आदि लोग उपस्थित रहे।




# ठाकुर परिवार के वर-वधु को हजारों समाजसेवियों ने दिया आशीर्वाद

**मुंबई,** महानगर के सक्रिय समाजसेवियों में एक नाम प्रसिद्धि में मुंबई, नवी मुंबई, रायगढ़ एवं ठाणे महाराष्ट्र से समाजसेवियों का समाचार पत्र कदम कदम पर के मुख्य संपादक छोटेलाल शर्मा, प्रबंध संपादक अनिल कुमार शर्मा, उप संपादक हरिशंकर शर्मा, समाजसेवी हरिकेश शर्मा नंदवंशी, प्रदीप कुमार शर्मा नंदवंशी, संतोष निरंकार शर्मा, मनोज जगदीश





ठाकुर का आता है जिन्होंने गरीब, असहाय की मदद हेतु जाने पहचाने जाते हैं।प्रसिद्धि ठाकुर के भतिजे चंदन इन्दु देवी घनश्याम ठाकुर की शादी विगत दिनों जन्म स्थली बिहार प्रदेश में कुशाग्र गृहणी सौभाग्यवती जूही रसीता देवी शंकर ठाकुर के साथ संपन्न हुआ।जिनका बहूभोज मुंबई महानगर के अनिता मंगल कार्यालय सभागृह, बदलापुर में

रखा गया जहां हजारों की संख्या आगमन हुआ।उपस्थित समाजसेवियों में अखिल भारतीय सविता महासंघ मुंबई अध्यक्ष जे पी शर्मा, कार्याध्यक्ष अनंतलाल शर्मा, राष्ट्रीय कवि एवं पत्रकार विनय शर्मा दीप, साप्ताहिक शर्मा, गंगेश शर्मा, कन्हैयालाल शर्मा, रचित वि.शर्मा, एडवोकेट अनिल शर्मा नोटरी, राजेश ठाकुर, नवनीश शर्मा, कर्पूरी शर्मा आदि ने वर-वधु को आशीर्वाद दिया।

# पाम बीच रोड पर 10 करोड़ में मरम्मत का काम शुरू...

## माइक्रोसरफेसिंग के जरिए सड़क मरम्मत से बढ़ेगी रफ्तार



**नवी मुंबई:** फोर्ट गवथन से अरेंजा कॉर्नर तक पाम बीच रोड पर विभिन्न स्थानों पर छोटे पुलों और जंक्शनों की मरम्मत माइक्रोसरफेसिंग द्वारा की जा रही है। इसलिए जगह-जगह क्षतिग्रस्त पाम बीच रोड की मरम्मत का काम शुरू किया जा रहा है और नगर पालिका ने यह काम शुरू भी कर दिया है. इसलिए भविष्य में इस मार्ग पर यातायात और अधिक सुगम होगा। पामबीच मार्ग पर यात्रा करना जहां शहर के युवाओं के साथ-साथ आम नागरिकों के लिए भी प्राथमिकता है, वहीं शहर के भौतिक विकास के साथ-साथ शहर में पर्याप्त और आकर्षक सुंदरता जोड़ने के लिए नगर पालिका स्वच्छ भारत अभियान के तहत लगातार सुधार कर रही है। नगर पालिका ने इस एक्सप्रेसवे पर सड़क सुधार का काम शुरू कर दिया है और सिग्नल के पास छोटे पुलों और जंक्शनों के साथ-साथ इस सड़क पर माइक्रो सरफेसिंग का काम किया जा रहा है। पाम बीच रोड पर विभिन्न जंक्शन हैं जो बेलापुर में किल्ले गावथन से शुरू होते हैं और वाशी में अरेन्जा कॉर्नर पर समाप्त होते हैं।

# गाड़ियां चोरी कर इंजन नंबर बदलकर देशभर में बेचीं जा रही थी...

## सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने अन्तर्राज्यीय गिरोह को किया गिरफ्तार



**वसई:** सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने एक ऐसे गिरोह को गिरफ्तार किया है जो दिल्ली से लग्जरी गाड़ियां चुराकर पूरे देश में बेचता था. गाड़ियों के इंजन, चेसिस नंबर और रजिस्ट्रेशन नंबर बदल जाने के कारण यह चोरी संभव नहीं हो पाती थी. लेकिन पुलिस ने तकनीकी जांच कर इस मामले का खुलासा कर दिया. इस गिरोह के पास से चोरी की गई 8 लग्जरी कारें बरामद की गई हैं. सेंट्रल क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि लग्जरी गाड़ियों की चोरी की जा रही है और उन गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन नंबर, इंजन और चेसिस नंबर बदलकर बेचा जा रहा है. इस मामले में केस दर्ज होने के बाद मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक हितेंद्र विखरे को सौंपी गई. पुलिस ने इस मामले में तकनीकी जांच की और एक गिरोह के 6 लोगों को गिरफ्तार किया. आरोपियों के नाम मिलन राजसिंह उर्फ बापू चौहान (35), गरीफ हुसैन खान (33), इरशाद अजमेरी (39), वसीम पठान (37), शाहिद खान (34), नबीजान उर्फ शौकत अली अंसारी (47) हैं। पुलिस ने इस गैंग के पास से ढाई करोड़ से ज्यादा कीमत की चोरी की 8 गाड़ियां जब्त की हैं. आरोपी के खिलाफ दिल्ली के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में वाहन चोरी के मामले दर्ज हैं।

# ऑनलाइन गांजा बेचने वाला गिरफ्तार



**मुंबई:** नवघर पुलिस ने 21 साल के एक शख्स को गिरफ्तार किया है जो सोशल मीडिया पर ग्राहक ढूंढकर गांजा बेच रहा था. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गांजा बरामद कर लिया है और पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है. गिरफ्तार युवक का नाम शुभम घाडिगोनकर है और वह मुलुंड के नवघर इलाके में रहता था। दो दिन पहले जब पुलिस नवघर इलाके में वाहनों की जांच कर रही थी, तब शुभम दोपहिया वाहन पर वहां आया। पुलिस ने उसे रुकने की चेतावनी दी. लेकिन वह पुलिस को देखकर भागने लगा. तो पुलिस ने तुरंत उसका पीछा किया और कुछ दूरी पर उसे हिरासत में ले लिया.

# 4 जनवरी से 20 मार्च के बीच इम्फाल से शुरू होकर ठाणे में खत्म होगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा

**मुंबई :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी 14 जनवरी से मणिपुर से महाराष्ट्र तक की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर निकलने वाले हैं। इसके लिए कांग्रेस तैयारियों में जुटी है. इस बीच राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का रूट मैप जारी कर दिया गया है. रूट मैप के अनुसार यात्रा इम्फाल से शुरू होकर मुंबई के ठाणे में खत्म होगी. अगर बात सिर्फ महाराष्ट्र की करें तो राहुल गांधी की यह यात्रा राज्य में लगभग 5 दिनों तक चलेगी.

रूट मैप के अनुसार महाराष्ट्र में भारत जोड़ो न्याय यात्रा कुल 6 जिलों से होकर गुजरेगी और 479 किलोमीटर की दूरी तय करेगी. यात्रा मालेगांव से महाराष्ट्र में एंट्री करेगी और नासिक होते हुए ठाणे में जाकर खत्म होगी. भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी से 20



मार्च के 15 राज्यों से होकर जाएगी. इस तरह कुल 6,713 किलोमीटर से अधिक की यात्रा बसों और पैदल तय की जाएगी. इसमें 110 जिले, लगभग 100 लोकसभा सीटें और 337 विधानसभा क्षेत्र आएंगे. वहीं यात्रा पूरी होने में लगभग 66 दिन लगेंगे.

गौरतलब है कि कांग्रेस ने इस यात्रा का गुरुवार को नाम भी बदलकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर दिया. पहले इसका नाम भारत न्याय यात्रा था. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इसकी घोषणा की. रमेश ने कहा कि कांग्रेस इंडिया गठबंधन के नेताओं को इस यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रही है और इसके लिए निमंत्रण भेजे जा रहे हैं. रमेश ने दावा किया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा राजनीति के लिए उतनी ही परिवर्तनकारी साबित होगी, जितनी कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा हुई थी. बता दें कि पहले चरण में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक 12 राज्यों को कवर करते हुए लगभग 4,000 किलोमीटर की यात्रा की थी. भारत के पूर्व से पश्चिम तक की इस यात्रा के जरिए कांग्रेस अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले लोगों तक पहुंचने और उनसे जुड़ने की कोशिश कर रही

# कोविड सेंटर घोटाले में आदित्य ठाकरे के करीबी पर कसा शिकंजा... जानिए क्या है मामला

**मुंबई :** महाराष्ट्र में बड़े कोविड सेंटर संचालित करने में हुए कथित घोटाले में मुंबई पुलिस ने शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे के करीबी राहुल गोम्स के खिलाफ मामला दर्ज किया है। राहुल गोम्स बीएमसी कॉन्ट्रैक्टर है। आर्थिक अपराध शाखा ने राहुल गोम्स के खिलाफ आईपीसी की धारा 406, 409, 420 और 120(बी) के तहत मामला दर्ज किया। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने बुधवार रात मुलुंड और दहीसर में कोरोना काल के दौरान बनाए गए बड़े कोविड सेंटर में कथित वित्तीय अनियमितता के मामले में नई एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस ने बीएमसी कॉन्ट्रैक्टर राहुल गोम्स की ओक्स मैनेजमेंट कंसल्टेंसी




प्राइवेट लिमिटेड के साथ ही इसके वेंडर्स और अज्ञात नगर निगम के अधिकारियों के खिलाफ 37 करोड़ रुपये के घोटाले में मामला दर्ज किया है।

भाजपा नेता किरीट सोमैया ने कोरोना के दौरान कोविड सेंटर्स में किए गए कथित घोटाले का मामला उठाया था। आरोप है कि अक्टूबर 2020 से लेकर अगस्त 2022 तक चलाए गए कई बड़े कोविड सेंटर्स के किराए के तौर पर मोटी रकम ली गई और साथ ही झूठे बिल के जरिए वित्तीय गड़बड़ी भी की। आरोप है कि कॉन्ट्रैक्टर्स और बीएमसी के अधिकारियों ने मिलकर इस घोटाले को अंजाम दिया। इस घोटाले से सरकार को करीब 37 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आर्थिक अपराध शाखा जल्द ही बीएमसी अधिकारियों और कॉन्ट्रैक्टर्स, वेंडर्स से पूछताछ कर सकती है। राहुल गोम्स की कंपनी ने कोविड सेंटर्स के लिए बेड, पंखे, टेंट और अन्य कई सुविधाएं मुहैया कराई। राहुल गोम्स की कंपनी ने दहीसर, वर्ली, एमएमआरडीए, मुलुंड और बीकेसी पार्ट 2 में कोविड सेंटर चलाने के लिए सामान की सप्लाई की थी। इससे पहले जुलाई 2023 में ईडी ने भी राहुल गोम्स के ठिकानों पर छापेमारी की थी।

# वसई, भायंदर से हर दिन 6 लोग लापता... तलाश में पुलिस की उदासीनता

**वसई :** वसई विरार और मीरा भायंदर शहर से हर दिन 6 लोग लापता हो रहे हैं। 2023 के आंकड़ों के मुताबिक ये मामला सामने आया है. पिछले साल के 11 महीनों में 2 हजार 42 लोग लापता हुए. इनमें से 514 लोगों का पता नहीं चल पाया है. विभिन्न कारणों से वसई विरार और मीरा रोड, भायंदर शहर में लोगों के अपने घर छोड़ने के कई मामलों में सामने आई है। इनकी संख्या बढ़ती जा रही है. साल 2023 में (30 नवंबर तक) 2 हजार 42 लोग लापता हुए. इसमें 1 हजार 162 महिलाएं और 880 पुरुष शामिल हैं।इनमें से 1 हजार 528 लोग घर लौट चुके हैं जबकि 514 लोगों का अभी भी पता नहीं चल




पाया है। यानी हर दिन औसतन 6 लोग लापता होते हैं. लेकिन कई मामलों में देखा गया है कि पुलिस गुमशुदा लोगों की तलाश में उदासीन रहती है.

18 साल से कम उम्र के नाबालिग बच्चों के लापता होने पर अपहरण का मामला दर्ज किया जाता है. लेकिन 24 घंटे बाद एक वयस्क के लापता होने की सूचना मिली है. लेकिन कई मामलों में ऐसे लापता लोगों की जांच में पुलिस की ढिलाई देखी गई है. नायगांव निवासी नयना महंत (28) 9 अगस्त से लापता थी। लेकिन आरोप है कि पुलिस ने समय पर जांच नहीं की. बाद में नयना का शव गुजरात के वलसाड में मिला. लेकिन चूँकि वह उस समय बेसहारा था, इसलिए गुजरात पुलिस ने उसका निस्तारण कर दिया। नायगांव की बहन जया महंत ने आरोप लगाया है कि अगर नायगांव पुलिस समय पर जांच करती तो कम से कम हमें मेरी बहन का शव दाह संस्कार के लिए मिल जाता. श्रद्धा वॉकर के लापता होने की रिपोर्ट उसके पिता ने 22 सितंबर 2022 को मानिकपुर थाने में दर्ज कराई थी। लेकिन फिर अक्टूबर के पहले हफ्ते में इसकी सूचना मिली. वसई पुलिस ने बिना शिकायत लिए ही उन्हें वापस भेज दिया। इस मामले में मृतक श्रद्धा वॉकर के पिता ने पुलिस की ढिलाई की शिकायत की थी. गृह विभाग ने भी मामले की जांच का निर्देश दिया है. यदि नाबालिग लापता हैं तो अपहरण अपराध सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार नाबालिग बच्चों के लापता होने पर अपहरण का मामला दर्ज किया जाता है। इनमें से अधिकतर लड़के-लड़कियां प्रेम संबंधों के चलते घर छोड़कर चले गए हैं।

# महाराष्ट्र के इन जिलों में अगले दो दिनों में होगी बारिश

**मुंबई :** मौसम विभाग की ओर से शुक्रवार और शनिवार को कोंकण, मध्य महाराष्ट्र के साथ उत्तरी महाराष्ट्र के जलगांव, धुले और नंदुरबार में बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण पश्चिम अरब सागर के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय है। उत्तरी कोंकण से उत्तर दिशा में हवा का एक ट्रफ बना हुआ है। जम्मू से लेकर उत्तरी पाकिस्तान तक एक वेस्टर्न डिफ्लेक्शन (ठंडी हवा की स्थिति) बन गई है, जिससे दक्षिण हरियाणा समेत आसपास के इलाकों में हवा की ऊपरी परत में एक चक्रवाती हवा की स्थिति बन गई है। दक्षिण पूर्व दिशा से आ रही भापयुक्त



हवा के कारण प्रदेश में बादल छाए हुए हैं। मध्य भारत में उत्तरी ठंडी हवाओं और दक्षिण-पूर्व से आने वाली भाप भरी हवाओं के साथ मध्य भारत, उत्तरी महाराष्ट्र के धुले, जलगांव और नंदुरबार में हल्की बारिश का अनुमान है। जबकि दक्षिण से आने वाली भाप भरी हवाओं के कारण कोंकण और मध्य महाराष्ट्र में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश की उम्मीद है।

# दिन-ब-दिन बढ़ रही अनधिकृत पार्किंग की समस्या...

## सड़क के दोनों ओर दो पहिया... चार पहिया वाहन खड़े रहते हैं



**उरण:** नगर पालिका के अनियोजित प्रबंधन के कारण उरण शहर में पार्किंग की समस्या दिन-ब-दिन उत्पन्न होती जा रही है. इसकी वजह से शहर बर्बाद हो गया है.' दोनों सड़कों पर बेतरतीब ढंग से दोपहिया व चारपहिया वाहन खड़े किये जा रहे हैं. साथ ही सड़क पर कहीं भी ठेले लगा दिए जाने से जाम भी लग जाता है। इसके चलते उरांकर मांग कर रहे हैं कि नगर निगम उचित योजना बनाकर पार्किंग की समस्या का समाधान करे. यहां की संकरी सड़क के कारण उरण शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या कई वर्षों से बनी हुई है। पिछले पांच साल से शहर की मुख्य सड़कों का कंक्रीटीकरण हो रहा है. शहर की मुख्य सड़कें जैसे चार फाटा से राजपाल नाका, कोट नाका से वैष्णवी होटल तक का निर्माण किया गया है; लेकिन, इन मुख्य सड़कों पर बड़ी संख्या में अनाधिकृत ठेले व ठेले लगाये जा रहे हैं. साथ ही, नागरिकों के फुटपाथों को भी व्यापारियों ने निगल लिया है। इसके अलावा शहर की मुख्य सड़कों के दोनों ओर दोपहिया व चारपहिया वाहन खड़े किये जा रहे हैं. इसके चलते दिन-रात सड़कों पर जाम लगा रहता है। ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए नगर पालिका की ओर से सड़क पर सफेद पट्टियां लगाई गई हैं। फिर भी दुकानदार दोनों तरफ अपनी गाड़ियां और मोटरसाइकिलें खड़ी कर देते हैं। शहर में ठेले पर सामान बेचने वाले भी जाम का कारण बन रहे हैं।

## नगर निगम के नए मुख्यालय के उद्घाटन में देरी...

# फर्नीचर और सामग्री में लगने लगा जंग

**वसई:** साल बीत जाने के बावजूद भी वसई विरार नगर निगम के नए मुख्यालय का उद्घाटन नहीं हो सका है. इसके कारण इस मुख्यालय के कार्यालय का सामान खराब होने लगा है. पुराने मुख्यालय को नये भवन में शीघ्र स्थानांतरित करने की मांग जोर पकड़ रही है. वसई विरार नगर निगम की स्थापना वर्ष 2009 में हुई थी। उस समय 4 नगर परिषदें




थीं। नगर निगम की स्थापना के बाद निगम का मुख्यालय अस्थायी रूप में विरार नगर परिषद के कार्यालय में शुरू किया गया। लेकिन नगर निगम की स्थापना के 14 वर्ष बीत जाने के बावजूद अब तक इसे नया मुख्यालय नहीं मिल सका है।

इस बीच, विरार वेस्ट ट्रांसपोर्ट बिल्डिंग को मुख्यालय में बदल दिया गया। इस मुख्यालय की पहली दो मंजिलों पर परिवहन भवन का निर्माण किया गया है जबकि तीसरी से सातवीं मंजिल पर मुख्यालय का निर्माण किया गया है।हालांकि, काम पूरा होने के बावजूद नये मुख्यालय में काम शुरू नहीं हो सका है. इसके कारण इस कार्यालय में फर्नीचर व अन्य सामग्री खराब होने लगी है. जल्द से जल्द नए मुख्यालय में शिफ्ट करने की मांग की जा रही है.

### मौजूदा कार्यालय में कठिनाई...

**नगर पालिका का वर्तमान मुख्यालय विरार नगर परिषद भवन में जारी है। लेकिन वह जगह अपर्याप्त है. लेकिन इस बिल्डिंग में जगह की कमी के कारण इसे छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर सेक्शन बनाए गए हैं। इसलिए नगर पालिका में महत्वपूर्ण दस्तावेज और रिकार्ड रखने से लेकर नगर पालिका में काम के लिए आने वाले नागरिकों को इस समय दिक्कत हो रही है. कभी-कभी नागरिकों को काम के लिए इधर से उधर जाना पड़ता है। बरसात के मौसम में भी छत से पानी टपकने से परेशानी बढ़ रही है.**

### मुख्यालय का मूल स्थान इतिशजामा है

**नगर पालिका का मुख्य मुख्यालय विरार पश्चिम के बोलिंज में बनाने का निर्णय लिया गया। 2017 में, नगर पालिका ने विरार पश्चिम के विराट नगर में दस एकड़ विशाल भूमि में छह लाख वर्ग मीटर का क्षेत्र भी निर्धारित किया था। भवन की आधारशिला 2017 में तत्कालीन संरक्षक मंत्री विष्णु सावरा, सांसद चिंतामन वनगा के नए मुख्यालय के लिए रखी गई थी। इस मुख्यालय का शिलान्यास उन्हीं के द्वारा किया गया था. इस मुख्यालय की लागत 300 करोड़ रुपये थी. प्रस्तावित मुख्यालय भवन में एक थिएटर, आर्ट गैलरी, वस्तु संग्रहालय, विवाह समारोहों के लिए सभागार, सम्मेलन कक्ष आदि शामिल थे। इसे पांच सितारा होटल की तरह डिजाइन किया गया था और इसे तीन साल में पूरा किया जाना था। इस नए मुख्यालय की अवधारणा नगर पालिका के 2018 दैनिक में प्रकाशित की गई थी। लेकिन अब मुख्यालय का यह मूल स्थान इतिहास संजो चुका है।**

## राकापा में शाहिद शेख की नियुक्ति पर बधाइयों का तांता

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मुंबई अध्यक्ष और पूर्व सांसद समीर छगन भुजबल ने चेम्बूर और गोवंडी के युवा समाज सेवी राकापा के जुझारु कार्यकर्ता शाहिद शेख को मानखुर्द-शिवाजीनगर तालुका का अध्यक्ष बनाया है।



इस आशय का एक पत्र पार्टी कार्यालय में पूर्व मंत्री छगन भुजबल ने शाहिद शेख को सौपा। दीपक पगारे,बालू खंडेराव, सैयद सादिक अली, सैयद फिरोज, सलीम खान, युसूफ शेख के अलावा शाहिद शेख के सैकड़ों समर्थकों और चाहने वालों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी।

पार्टी कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए शाहिद शेख ने कहा कि आज तक भारतीय राजनीति में शरद पवार के कद जैसा कोई नेता नहीं हुआ।उन्होंने छगन भुजबल और समीर भुजबल के कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा पार्टी के इन दोनों नेताओं के राजनीतिक अनुभव का लाभ आगामी चुनाव में हमारी पार्टी को जरूर मिलेगा।और हमारी पार्टी कहीं पहले से भी अधिक ताकतवर बनकर उभरेगी।

**फोटो:कपिलदेव खरवार**

## नव युवक अधिवक्ता समिति के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण

**(शिवा शर्मा)**

**चुनार।** नवयुवक अधिवक्ता समिति के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को बार भवन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अनुराग सिंह ने सर्व प्रथम नव निर्वाचित अध्यक्ष महेन्द्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह एवं महामंत्री महेन्द्र सिंह द्वितीय को पद एवं कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई।तत्पश्चात विशिष्ट एसडीएम चन्द्रभानु सिंह ने सामूहिक रूप से अन्य निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया। विशिष्ट अतिथि ने अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि असभ्यता से शुरू होकर समाज सभ्यता की ओर बढ़ा जिसके बाद विधि और शासन की स्थापना हुई। विधि और शासन की व्यवस्था कायम करने के लिए अधिवक्ता कार्य करता है। उन्होंने कहा कि तमाम परिवर्तनों के बाद भी वकालत पेशा पर वैश्वीकरण का प्रभाव नही पड़ा है।अधिवक्ताओं की मांग पर उनके बैठने के लिए एक हाल के बनवाने की घोषणा की। कहा कि एक दो दिन में हाल का माप प्राप्त हो जाएं जिससे खर्च का आंकलन कराकर शीघ्र निर्माण कार्य कराया जा सके।

विशिष्ट अतिथि एसडीएम चुनार ने कहा कि वादकारियों, फरियादियों को समय से पारदर्शिता पूर्ण न्याय मिले व दिखाई भी दे इसके लिए बार बेंच का आपसी सहयोग जरूरी है।नव निर्वाचित अध्यक्ष महेन्द्र सिंह ने कहा कि अधिवक्ता हित हमारे लिए सर्वोपरि है। जिस उम्मीद के साथ आप सभी अधिवक्ताओं ने मुझे यह जिम्मेदारी दी है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा।

कार्यक्रम के दौरान ही बार की ओर से मुख्य अतिथि ने वरिष्ठ अधिवक्ता शिवशंकर सिंह, गोविंद प्रसाद पांडेय को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। समारोह में तहसीलदार शक्ति प्रताप सिंह, एडवोकेट सत्येन्द्र नाथ दिवेदी, निवर्तमान अध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, एवं महामंत्री राहुल सिंह, पूर्व महामंत्री राजकुमार सिंह, गुरूदास, श्याममुरारी सिंह, अखिलेश सिंह, कैलाशनाथ सिंह, लालसा सिंह, ज्योति प्रकाश सिंह, सहित भाजपा नगर अध्यक्ष चन्द्रहास गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह, अभिलाष राय, नगर के डॉ सत्यवान श्रीवास्तव, अखिलेश सिंह आदि सम्मानित लोग मौजूद रहे। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येन्द्र नाथ दिवेदी व संचालन अनिल सिंह ने किया।












यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादक: छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com